दिनांक–07.12.2025 समय–2.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

सशस्त्र सेना झंडा दिवस

सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के वीर सैनिकों को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्र उन सभी पुरुषों और महिलाओं का सदैव आभारी है, जो अटूट साहस, अनुशासन और समर्पण के साथ देश की रक्षा करते हैं। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने की अपील भी की। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए शहीद सैनिकों और उनके परिजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और सैनिक कल्याण के लिए क्यूआर कोड के माध्यम से 11 हजार रुपये का योगदान दिया। उधर, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने भी सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सभी सैनिकों, पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र की सुरक्षा में उनके साहस, सेवा और सर्वोच्च बलिदान की सराहना की।

एस.आई.आर

निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, यानी एस.आई.आर., के दूसरे चरण में तेज़ी देखने को मिल रही है। प्रदेश में भी यह प्रक्रिया तेज़ रफ्तार से आगे बढ़ रही है। मतदाता सूची शुद्धिकरण के अंतर्गत फॉर्म डिजिटाइजेशन कार्य में गुना जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों–चांचौड़ा, गुना, बमोरी और राघौगढ़ ने शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण किया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–कार्यशाला

राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में आज भोपाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन, चुनौतियों और संभावनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रदेश में नई शिक्षा नीति को बेहतर ढंग से लागू करने, आ रही चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की गई। अपने संबोधन में डॉ यादव ने कहा कि शिक्षा परिवर्तन का मार्ग है ....

इस मौके पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मौजूद रहे। उन्होंने नयी शिक्षा नीति के प्रदेश में क्रियान्वयन को लेकर प्रदेश सरकार की तारीफ की ....

रेलवे विशेष रेलगाड़ी

रेलवे ने कल से अगले दो दिनों के लिए कई ज़ोन में 89 विशेष रेलगाड़ियां चलाई हैं। सर्दियों के मौसम में बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने और अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए इन विशेष रेलगाड़ियों की घोषणा की गई है। इसका उद्देश्य रेल यात्रा की बढ़ती माँग के बीच सुगम यात्रा और पर्याप्त कनेक्टिविटी प्रदान करना है।

हॉकी

पुरुष हॉकी में, भारत का सामना आज केपटाउन में तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से होगा। मैच रात साढे आठ बजे शुरू होगा। इस महीने की 7, 9 और 10 तारीख को वेस्टर्न केप में होने वाला दक्षिण अफ्रीका दौरा भारतीय टीम का इस कैलेंडर वर्ष का अंतिम अंतरराष्ट्रीय दौरा होगा।

समाचार संक्षेप में –

- राजधानी भोपाल में पहली बार इलेक्ट्रिक इंटरसिटी बस सेवा शुरू की जा रही है। अमृत मिशन के तहत शहर को 22 नई इलेक्ट्रिक बसें मिली हैं, जिन्हें भोपाल से इंदौर, उज्जैन और सागर रूट पर चलाया जाएगा।
- पन्ना जिले मे मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य, 99.5 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर तीन बीएलओ को सम्मानित किया गया।
- खंडवा में एसआईआर के तहत कल 8 दिसंबर को "विशेष ग्राम सभा" और "विशेष वार्ड सभा" का आयोजन किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता ने जिले के सभी एसडीएम को इसके लिये निर्देश किया है।
- आगरमालवा कलेक्टर प्रीति यादव जिले से सुखला, घास, चारा, भूसा, कड़बी सहित समस्त पशु चारे के निर्यात एवं ईंधन के रूप में उपयोग करने पर प्रतिबंध लगाया है। यह आदेश आगामी दो माह तक प्रभावशील रहेगा।

———————————————